AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लविवि ने स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसे विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक बीए चौथे सेमेस्टर एनईपी की परीक्षा 18 जुलाई से शुरू होकर 14 अगस्त तक चलेगी। बीकॉम चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 जुलाई से 5 अगस्त तक, जबकि बीएससी की परीक्षाएं 18 जुलाई से 17 अगस्त तक चलेंगी। (संवाद)

लविवि : 17 से भरें परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने तिथि जारी कर दी। अभ्यर्थी 17 जुलाई से लविवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं, जबकि परीक्षा विभाग में ऑफलाइन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। जिन विषयों के परीक्षा फॉर्म भरने की जानकारी दी गई है, उनमें दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल हैं। (संवाद)

क्लीन कैंपस, ग्रीन कैंपस का संदेश

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को वन महोत्सव के अवसर पर क्लीन कैंपस, ग्रीन कैंपस का संदेश दिया। इस अवसर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कैंपस में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, कुलानुशासक, चीफ प्रोवोस्ट सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

पार्ट टाइम एमटेक : आज अंतिम मौका

लखनऊ। लविवि सत्र 2023-24 से पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसकी आवेदन प्रक्रिया चल रही है। पार्ट टाइम एमटेक में आवेदन करने की अंतिम तिथि सात जुलाई है। (संवाद)

विषम सेमेस्टर के परीक्षा केंद्र घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने संबद्ध जिलों लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली व सीतापुर के महाविद्यालयों में होने वाली विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए बृहस्पतिवार को परीक्षा केंद्रों की सूची घोषित कर दी। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट पर सूची देख सकते हैं। विषम सेमेस्टर की परीक्षा में परीक्षा विभाग ने 23 नोडल सेंटर व 170 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इससे पहले लविवि ने प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की थी, जिनपर आपत्तियां व सुझाव मांगे थे। प्रस्तावित सूची में परीक्षा केंद्र कॉलेज से काफी दूर बनाए जाने की आपत्तियां परीक्षा विभाग को मिली थीं। कई जगह तो कॉलेज से सौ किमी दूर परीक्षा केंद्र बनाने की सूचना मिली थी। इसके बाद लविवि ने नए सिरे से सूची जारी की है। (संवाद)

नई शिक्षा नीति ने नवाचार को दिया बढ़ावा : राज्यपाल

शिया पीजी कॉलेज में नए भवन के उद्घाटन समारोह में छात्रों को किया संबोधित

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति ने पढ़ाई के पुराने और परंपरागत तरीकों को बदलकर नवाचार को बढ़ावा दिया है। इस नीति के तहत युवाओं को अब उनके मन मुताबिक पढ़ाई करने का विकल्प मिल रहा है, ताकि वह अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर बिना भटके उसे प्राप्त कर सकें। वह शुक्रवार को शिया पीजी कॉलेज में पांच करोड़ से बने इमाम अली रजा भवन के उद्घाटन के बाद छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि सौ वर्ष पहले मुस्लिम कौम के विद्वानों ने उच्च शिक्षा के लिए अदब के शहर के लखनऊ में शिया पीजी कॉलेज बनाया। यहां लड़के-लड़कियां एक साथ शिक्षा हासिल कर अपने सपने पूरे कर रहे हैं।

उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वह बेटियों को जरूर पढ़ाएं, क्योंकि बेटी के पढ़ने से सात पीढ़ियां शिक्षित होती हैं। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि बीते वर्ष में यहां विधि संकाय के भवन के उद्घाटन में आया था। उस समय बच्चों से ये वादा किया था कि अगली बार यहां तभी आऊंगा जब महाविद्यालय को एलएलबी पांच वर्ष पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सहयुक्तता मिल जाएगी।

आज शिया कॉलेज में एलएलबी ऑनर्स कोर्स संचालित करने की मान्यता कार्य परिषद में प्रदान की जा चुकी है। कार्यक्रम में शिया कॉलेज ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. अजीज, शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सायम मेहंदी, मौलाना यासूफ अब्बास, प्राचार्य प्रो. शबीहे रजा बाकरी, प्रो. अंजुम अबरार, प्रो. मेहंदी अब्बास, प्रो. सरताज शब्बर व प्रदीप शर्मा सहित महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

शिया पीजी कॉलेज में नए हॉल का शुभारंभ करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। संवाद

शिया कनेक्ट स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम में राज्यपाल ने महाविद्यालय की स्मारिका शिया कनेक्ट का विमोचन किया। इसमें कॉलेज और उसकी उपलब्धियों से जुड़ी जानकारी मौजूद है। इस मौके राज्यपाल ने नवनिर्मित भवन के ग्राउंड में पीपल का पौधा भी रोपित किया। उन्होंने कहा कि यह भवन विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेगा।

HINDUSTAN PAGE 6

शिया पीजी कॉलेज में गुरुवार को इमाम अली रजा भवन के उद्घाटन में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल रही।

बेटी पढ़ेंगी तो सात पीढ़ियां शिक्षित होंगी

उद्घाटन

लखनऊ, संवाददाता। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एनईपी-2020 में केजी से पीजी तक के सभी विद्यार्थियों के लिए रूचिपूर्ण शिक्षा की बेहतर व्यवस्था है। इसलिए बच्चे की प्रतिभा को ध्यान में रखकर उसी दिशा में अग्रसर होने को प्रेरित करना है।

शिया पीजी कॉलेज में गुरुवार को मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कला संकाय के लिए नवनिर्मित भवन 'इमाम अली रजा' का उद्घाटन किया। स्मारिका का विमोचन किया और पौधारोपण भी किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जब हम एक बेटी को पढ़ाते हैं तब हमारी सात पीढ़ियां शिक्षित हो जाती हैं। पहले बालिकाओं की शिक्षा के बारे में कोई सोचता ही नहीं था। लेकिन आज हमारी बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में बेटियों के प्रति लोगों का नजरिया भी बदला है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जब हम पढ़ाई कर रहे थे तब बालिकाओं की शिक्षा के लिए गांव में शिक्षा का प्रबन्ध नहीं था हमें काफी दूर चल कर स्कूल जाना पड़ता था तब भी हम सभी भाई बहनों ने शिक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर ऑल इण्डिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना यासूब अब्बास, मजलिस-ए-उलेमा के अध्यक्ष मौलाना हमीदुल हसन समेत अन्य मौजूद रहे।

शिक्षा का स्वर्णकाल

एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस समय आजादी के अमृतकाल के साथ-साथ शिक्षा का भी स्वर्णकाल चल रहा है। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन से प्रदेश के कई विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त कर रहे हैं।

नए भवन में 16 कमरे

शिया पीजी कॉलेज में जानकारी के अनुसार नवनिर्मित भवन में 16 कमरे हैं। जिसमें 1500 से अधिक छात्र अध्ययन कर सकेंगे। बता दें कि इस अवसर पर कार्यक्रम में शिया पीजी कॉलेज के प्रबन्धक एस अब्बास मुर्तजा शम्सी ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

एलयू में परीक्षा फॉर्म अब 17 जुलाई तक भर सकेंगे

राहत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर-2023 के परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बढ़ा दी गई है। अब 17 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म भरे जा सकेंगे। 20 तक विश्वविद्यालय में फॉर्म जमा करने होंगे।

एलयू द्वारा बीए, बीएससी, बीएचएससी, बीकॉम एनईपी के द्वितीय सेमेस्टर और बीबीए व बीसीए के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है।

बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भी 17 तक भरे जाएंगे: इसी तरह बीबीए, बीएफए के द्वितीय, चतुर्थ व छठवे और बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भी 17 तक भरे जाएंगे। साथ ही बीए या बीएससी योगा व एलएलबी त्रिवर्षीय के द्वितीय व चतुर्थ और एलएलबी पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ, छठे व आठवें सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भी भरे जाएंगे। इस पूरे मामले में एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र कॉलेज की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए अपने लॉगिन व पासवर्ड का इस्तेमाल कर परीक्षा फॉर्म भरे सकते हैं।

- 20 तक विश्वविद्यालय में फॉर्म जमा करने होंगे
- अधिक जानकारी के लिए छात्र वेबसाइट देखें

बीए, बीएससी सम सेमेस्टर परीक्षा 18 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर-2023 परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 18 जुलाई से होकर 14 अगस्त तक चलेंगी। एलयू व सम्बद्ध महाविद्यालयों के बीए व बीकॉम एनईपी चतुर्थ और बीएससी व बीए मानवशास्त्र, सांख्यिकी व गणित के चतुर्थ व छठे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है।

चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 18 से

मानवशास्त्र, सांख्यिकी व गणित को छोडकर बीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से होंगी। एलयू की केंद्रीय प्रवेश व्यवस्था से वित्तपोषित कॉलेजों ने दूरी बनाई

i-NEXT PAGE 2

एलयू के कैलाश हॉस्टल में हुआ पौधरोपण

लखनऊ यूनिवर्सिटी में गुरुवार को वन महोत्सव के तहत कैलाश गर्ल्स हॉस्टल में उत्तर प्रदेश वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण किया. कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और विश्वविद्यालय अधिकारियों ने भाग लिया. वन महोत्सव के अवसर पर, कैलाश गर्ल्स हॉस्टल के छात्रों ने लगभग सौ पौधे लगाए. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पहल को समर्थन दिया और कहा कि ऐसी प्रथाएं एक स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देती है. मौके पर प्रो पूनम टंडन, डीन छात्र कल्याण और डीन एकेडमिक्स, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो बाबिता जैसवाल, प्रो. राकेश द्विवेदी, मुख्य कुलनुशासक, प्रो. अनूप सिंह, चीफ प्रोवोस्ट और अन्य होस्टल के प्रोवोस्ट भी मौजूद रहे.

170 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

असर

लखनऊ, संवाददाता। एलयू द्वारा सम सेमेस्टर-2023 के तहत परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची जारी की गई है। इसमें विवि ने उन सेंटर को बदल दिया है जिन पर आपत्तियां आई थी।

एलयू से सम्बद्ध महाविद्यालयों में 18 से शुरू होने वाली बीए, बीएससी व बीकॉम सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के मद्देनजर 170 परीक्षा केंद्रों की लिस्ट जारी की है। 23 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा उन सभी परीक्षा केंद्रों को बदल दिया गया है जहां कॉलेज व सेंटर में ज्यादा दूरी थी। इस संबंध में आपत्तियां मांगी गई थी। जिसके बाद कॉलेजों के सेंटर बदल दिए गए हैं। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार यदि अभी भी कोई शिकायत या सुझाव प्राप्त होता है तो उचित प्रतीत होने पर उसका निस्तारण किया जाएगा।

गौरतलब है कि हिंदुस्तान ने 29 जून को 'एलयू ने 90 किमी दूर बनाए परीक्षा केंद्र' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें हरदोई, लखीमपुर व रायबरेली के कॉलेजों के परीक्षा केंद्र 35 से लेकर 90 किमी. दूर बनाने का जिक्र किया गया था।

दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में दाखिले 10 से

लखनऊ। राजजीपुरम स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज में 10 जुलाई से दाखिले शुरू होंगे। साथ ही स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार डीडीयू राजकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश के लिए गत जुलाई तक आवेदन का मौका था। गुरुवार को कॉलेज द्वारा बीए, बीकॉम व बीएससी प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई। वहीं बता दें कि इससे अब 10 से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

पार्ट टाइम एमटेक में आवेदन का आखिरी मौका :

एलयू के इंजीनियरिंग संकाय में पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 20-20 सीटें हैं। आवेदन करने के लिए अंतिम तारीख 7 जुलाई तय की गई है।

JAGRAN CITY PAGE III

170 केंद्रों पर स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी व बीकाम दूसरे व चौथे सेमेस्टर(एनईपी) की परीक्षाओं के लिए गुरुवार को को केंद्रों की फाइनल सूची जारी कर दी। रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के 170 केंद्र और 23 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। छात्र-छात्राएं अपने कालेज का परीक्षा केंद्र वेबसाइट पर देख सकती हैं।

लवि में स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। 18 जुलाई से चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं भी प्रस्तावित कर दी गईं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि परीक्षा केंद्रों के संबंध में कोई शिकायत या सुझाव प्राप्त होता है तो उचित प्रतीत होने पर उसका निस्तारण किया जाएगा।

स्नातक चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से

जासं, लखनऊ : लवि ने गुरुवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में शामिल बीए, बीएससी व बीकाम (एनईपी) चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं की प्रस्तावित समय सारिणी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी। बीए और बीएससी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 जुलाई से और बीकाम एनईपी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा कार्यक्रम में यदि किसी को आपत्ति है तो 10 जुलाई तक परीक्षा नियंत्रक की ई-मेल coe@lkouniv.ac.in पर भेज सकते हैं।

'कई पीढ़ियों तक जाती है शिक्षा की दौलत'

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आपके पास जितनी भी धन-दौलत है, वह अगली पीढ़ियों तक मुश्किल से जाती है, क्योंकि वह समाप्त होने वाली चीज है। वहीं, शिक्षा एक ऐसी दौलत है, जो कई पीढ़ियों तक जाती है। राज्यपाल ने गुरुवार को शिया पीजी कालेज में कला संकाय के इमाम अली रजा ब्लाक के उद्घाटन के बाद अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. अजीज हैदर, प्रबंधक एस अब्बास मुर्तजा शम्सी ने उन्हें पौधा भेंट किया। महाविद्यालय के न्यूज लेटर 'शिया कनेक्ट' का 'स्मारिका' के तौर पर विमोचन किया।

राज्यपाल ने कहा कि यौ साल पहले महिलाओं को शिक्षा को लेकर समाज में जागरूकता नहीं थी। पहले के समाज में यह सोच रहती थी कि महिलाएं केवल घरेलू काम-काज के लिए ही बनी हैं। अब बदलाव आया है।

मेरे गांव में सिर्फ लड़का जाता था के लिए था स्कूल : उन्होंने कहा कि मेरे गांव में बेटियों की शिक्षा के लिए कोई प्रबंध नहीं थे। महिला शिक्षा के लिए सिर्फ कस्बा चार तक का स्कूल चार किलोमीटर दूर दूसरे गांव में था। मेरे परिवार में शिक्षा को लेकर काफी जागरूकता थी, इसलिए जब मैं कक्षा पांच में आई तो मेरा एडमिशन ऐसे स्कूल में कराया गया जहां मैं अकेली लड़की हुआ करती थी। नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर उन्होंने कहा कि पहले दस-दस साल तक पाठ्यक्रम नहीं बदलते थे। अब राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मुरुवार को शिया पीजी कालेज में कला संकाय के इमाम अली रजा ब्लाक का उद्घाटन किया। • शिया पीजी कॉलेज में इमाम अली रजा ब्लॉक का उद्घाटन

राज्यपाल ने कहा, कमियों को दूर करें

शिया कालेज की नेक्ट पर वेब पेजिनेशन पर राज्यपाल ने कहा, नेक्ट पिवर टीम द्वारा कड़ाई लगियों पर कार्य करके अपनी बार इससे बेहतर बेड़ करने का प्रयास करें। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा में एक बड़े बदलाव आए हैं, जिससे शिक्षा का स्तर और बढ़ गया है। इस अवसर पर संस्था मजलिस-ए उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास, अध्यक्ष मौलाना हमीदुल हसन, प्राचार्य प्रो. शबीहे रजा बाकरी, छात्रावास डा. प्रदीप शर्मा भी उपस्थित रहे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

कैलाश हॉस्टल में कुलपति ने किया पौधरोपण

लखनऊ। लखनऊ विवि ने हरित और स्वच्छ कैंपस बनाने के लिए कैलाश गर्ल्स हॉस्टल में एक पेड़ लगाने की पहल कार्यक्रम का आयोजन किया। हॉस्टल के वच्चों ने लगभग सौ पेड़ लगाए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रथाएं एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देती है। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और हॉस्टल के अन्य प्रोवोस्ट भी उपस्थित थे।

लखनऊ विवि परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि इसके सम्बन्ध में कोई शिकायत या सुझाव प्राप्त होता है तो उचित प्रतीत होने पर उसका निस्तारण किया जाएगा। जबकि इसके पहले भी प्रस्तावित सूची के समय ही काफी शिकायते मिली थी, इससे सबसे ज्यादा शिकायतें इस बात को लेकर थी कि 15 से 60 किलोमीटर दूरी तक परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जो उचित नही है, बताया जाता है कि सूची में अपने कालेजों को शामिल करने के लिए पिछले 3 दिनों से परीक्षा विभाग के वावू के आसपास महाविद्यालय के प्रतिनिधि डेरा डाले हुए थे।

PIONEER PAGE 4

ऐसी शिक्षा दें जो समाज एवं जीवन के महत्वपूर्ण संदर्भ से जोड़ सके : राज्यपाल

- राज्यपाल ने शिया पीजी कालेज के कला संकाय के लिए नवनिर्मित भवन इमाम अली रजा का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गुरुवार को शिया पीजी कालेज लखनऊ के कला संकाय हेतु नवनिर्मित भवन इमाम अली रजा का उद्घाटन किया। इस नवनिर्मित भवन में 16 कमरें है, जिसमें 1500 से अधिक छात्र.छात्राएं अध्ययन कर सकेंगे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षा से बढ़कर कोई दूसरा माध्यम नहीं है। हमारे संस्थानों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दें, जो उनको समाज एवं जीवन के महत्वपूर्ण सन्दर्भ से जोड़ सके।

राज्यपाल ने कहा कि शिया महाविद्यालय 105 वर्ष पुराना है और उस समय शिक्षण संस्थानों को स्थापित करना एक बड़ी बात थी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय ने अपने पहले ही प्रयास में नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड प्राप्त किया है, यह गुणवत्तापरक शिक्षा की परिचायक है। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि महाविद्यालय को आगामी नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त करने के लिए अभी से ही कड़ी मेहनत करनी चाहिए। राज्यपाल ने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पहले बालिकाओं की शिक्षा के बारे में कोई सोचता ही नहीं था लेकिन आज हमारी बालिकायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में बेटियों के प्रति लोगों का नजरिया भी बदला है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब हम पढ़ाई कर रहे थे तब उस समय बालिकाओं के शिक्षा के लिए गांव में शिक्षा का प्रबंध नहीं था हमें काफी दूर चल कर स्कूल जाना पड़ता था तब भी हम सभी भाई बहनों ने शिक्षा ग्रहण की। मेरे मन में यह कभी विचार नहीं आया कि मैं अकेले ब्वायज स्कूल में पढ़ती हूं। इसलिए मैं सभी अभिभावकों से अपील करती हूं कि वे अपने बेटे-बेटियों को अवश्य स्कूल भेजें। हमें यह याद रखना चाहिए कि जब हम एक बेटी को पढ़ाते हैं तब हमारी सात पीढ़ियां शिक्षित हो जाती हैं। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 में केजी से पीजी तक के सभी विद्यार्थियों के लिए रूचिपूर्ण शिक्षा की बेहतर व्यवस्था है इसलिए हम बच्चे की प्रतिभा को ध्यान में रखकर उनको उसी दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी शिक्षण संस्थान समय के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि लविवि से सम्बद्ध सर्वाधिक प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से शिया महाविद्यालय है। इस समय आजादी के अमृतकाल के साथ-साथ शिक्षा का भी स्वर्णकाल चल रहा है। शिया पीजी कालेज के प्रबंधक एस अब्बास मुर्तजा शम्सी, बोर्ड आफ ट्रस्टीज के अध्यक्ष प्रो. अजीज हैदर सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- राज्यपाल ने महाविद्यालय को आगामी नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड लाने के लिए कड़ी मेहनत का दिया निर्देश
- आनन्दीबेन पटेल ने शिया पीजी कॉलेज के कला संकाय के लिए नव-निर्मित भवन इमाम अली रजा का किया उद्घाटन

वन महोत्सव के अवसर पर एलयू की पेड़ लगाने की पहल ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण को दिया बढ़ावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक हरित और स्वच्छ कैंपस बनाने के लिए समर्पित रहा है। पर्यावरण को और बेहतर बनाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुएए कैलाश गर्ल्स हॉस्टल ने वन विभागए उत्तर प्रदेश के सहयोग से वन महोत्सव के अवसर पर एक पेड़ लगाने की पहल की। इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और विश्वविद्यालय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पहल को समर्थन दिया और कहा कि ऐसी प्रथाएं एक स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देती हैं। वन महोत्सव के अवसर पर कैलाश गर्ल्स हॉस्टल के छात्रों ने लगभग सौ पेड़ लगाए। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने इस पहल को समर्थन देते हुए छात्रों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। उन्होंने यह भी यह भी कहा कि ऐसी प्रथाएं एक स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देती हैं। प्रो पूनम टंडनए डीन छात्र कल्याण और डीन एकेडमिक्स, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो बाबिता जैसवाल, प्रो राकेश द्विवेदी, प्रो अनूप सिंह चीफ प्रोवोस्ट और अन्य होस्टल के प्रोवोस्ट भी इस अवसर उपस्थित थे। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करना था।

शिक्षा से सुधरती हैं पीढ़ियां : राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिया पीजी कॉलेज में कला संकाय के लिए बनाए गए इमाम अली रजा ब्लाक का उद्घाटन गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि कहा कि शिक्षा एक ऐसी दौलत है, जोकि कई पीढ़ियों तक जाती है। शिक्षा जीवन को सही दिशा देने का काम करती है। राज्यपाल को कॉलेज के प्रबन्ध-समिति के अध्यक्ष प्रो. अजीज हैदर, महाविद्यालय के प्रबंधक एस अब्बास मुर्तजा शम्सी ने पौधा भेंट किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि उच्च शिक्षा में कई बड़े बदलाव आये है, जिससे शिक्षा का स्तर और बढ़ रहा है। महाविद्यालय को संचालित करने वाली संस्था मजलिस-ए-उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विगत पांच वर्षों में शिया कॉलेज में 15 करोड़ की लागत से नए भवन व इमारतों को निर्माण कराया गया। इसके लिए महाविद्यालय न किसी तरह की ग्रांट ली न चंदा।

इमाम अली रजा ब्लॉक का उद्घाटन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में अन्य।

- शिया पीजी कॉलेज में इमाम अली रजा ब्लॉक का उद्घाटन

कॉलेज को मिली पांच वर्षीय लॉ कोर्स की सहयुक्तता

लविवि कुलपति आलोक कुमार राय ने बताया कि शिया कॉलेज को पंचवर्षीय लॉ कोर्स की सहयुक्तता मिल गई है। अब शिया महाविद्यालय से पांच वर्षीय लॉ के लिए भी आवेदन जारी किए जाएंगे।

तीन दिनों तक भरे जाएंगे सम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर 2023 की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। छात्र ऑनलाइन लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in जाकर भर सकते हैं। ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म भरने का ऑप्शन खुल गया है। छात्र फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। जबकि फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है निर्धारित है।

बैकपेपर-इंम्प्रूवमेंट फॉर्म के लिए रखें ध्यान- बैकपेपर / इम्प्रूवमेन्ट / इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित विभागाध्यक्ष कार्यालय में उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप जमा करना है सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित करते हुए सूची परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराना होगा।

महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ये है जिम्मेदारी- लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राचार्यो को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मों की सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक शुल्क रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

लविवि

- आवेदन प्रक्रिया जारी, 17 जुलाई अंतिम तिथि, 20 तक जमा करनी होगी हार्ड कॉपी
- संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों को भी देना होगा ध्यान

छात्रों को इन बातों का रखना होगा ध्यान

लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन अग्रसारित करते हुए सूची परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में उपलब्ध करना है।

VoL PAGE 2

सभी शिक्षण संस्थान समय के अनुरूप तैयार करें पाठ्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गुरुवार को शिया पीजी कालेज के कला संकाय के लिए नवनिर्मित भवन इमाम अली रजा का उद्घाटन किया। इस नवनिर्मित भवन में 16 कमरें है, जिसमें 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर सकेंगे। साथ ही कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्मारिका का विमोचन किया तथा पौधारोपण भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में श